श्री प्रिय गुप्त :
श्री स० मो० बनर्जी :
डा० लक्ष्मीमल्ल सिंघवी :

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि प्रतिरक्षा मंत्रालय के सब कार्यालयों में अंग्रेजी में काम किया जाता है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि उन कार्यालयों में अंग्रेजी न जानने वाले व्यक्तियों को अंग्रेजी में ही अपना काम करने के लिये बाध्य किया जाता है ;

(ग) सरकार ने इन कार्यालयों में सरकारी काम-काज के लिये हिन्दी का प्रयोग करवाने के लिये क्या कार्यवाही की है ; और

(घ) उनके मंत्रालय के अधीन कितने कार्यालयों में सरकारी काम-काज हिन्दी में करना आरम्भ किया गया है ?

प्रतिरक्षा मंत्री (श्री यशवन्तराव चव्हाण): (क) से (घ). सरकारी काम के लिए हिन्दी के प्रयोग के संबध में रक्षा मंत्रालय के कार्यालय प्रायः केन्द्रीय सरकार के अन्य कार्यालयों पर लागू समतूल्य निर्देशन द्वारा शासित है। यह निर्देशन कुछ उद्देश्यों के हिन्दी के प्रयोग का उपबन्ध करते हैं, उदाहरणत: उन राज्यों से पत्रव्यवहार, जिन्होंने हिन्दी को अपनी सरकारी भाषा के तौर पर अपना लिया है, हिन्दी में प्राप्त हुए पत्रों का हिन्दी में उत्तर देना, इत्यादि। सरकारी कर्मचारियों को वैकल्पिक तौर पर साधारणत: हिन्दी में टिप्पण इत्यादि लिखने की अनुमति है, परन्तु अंग्रेजी में अनुवाद या साथ संक्षेप देना आवश्यक है, अगर हिन्दी में टिप्पणों सहित फाइल किसी अन्य कार्यालय या उसी कार्यालय के किसी दूसरे अनुभाग में भेजी जाए। सभी सरकारी काम के लिए एकेक हिन्दी को अपनाना संभव नहीं है, और सरकार की नीति है कि काम में किसी प्रकार की बाधा पैदा किए बिना हिन्दी के प्रयोग को उन्नति दी जाए।

दिल्ली छावनी में ट्रक की दुर्घटना

5017. **श्री बाजी :**
श्री हुकम चन्द कछवाय :
श्री प्रिय गुप्त :
श्री स० मो० बनर्जी :
डा० लक्ष्मीमल्ल सिंघवी:
श्री प्रकाशवीर शास्त्री :

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 16 अप्रैल, 1966 को दिल्ली छावनी में सप्लाई डिपो के निकट एक ट्रक दुर्घटना में एक सैनिक की मृत्यु हो गई तथा तीन अन्य व्यक्ति घायल हुए ;

(ख) क्या घायल व्यक्तियों में कोई असैनिक कर्मचारी भी थे ; और

(ग) इस दुर्घटना के क्या कारण थे ?

प्रतिरक्षा मंत्रालय में राज्य-मंत्री (श्री अ० म० थामस) : (क) 16 अप्रैल, 1966 को कोई दुर्घटना नहीं हुई थी। तदापि 17 अप्रैल 1966 को 15 हण्ड्रडवेट एक सेना ट्रक दिल्ली छावनी सप्लाई डिपो के पास उलट गया था, जिस के फलस्वरूप एक जवान की मृत्यु हो गई और 5 घायल हो गए थे।

(ख) जी नहीं।

(ग) एक सैनिक कोर्ट आफ इन्क्वायरी आदिष्ट कर दी गई है। दुर्घटना का कारण कोर्ट आफ इन्क्वायरी की रिपोर्ट प्राप्त होने पर ही पता लग पाएगा।